सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 585 वर्ष 43

राँची, अक्टूबर, 2022



# सीसीएल में पहली बार 'एनसीडीसी स्थापना दिवस' धूम–धाम से मनाया गया




एनसीडीसी स्थापना दिवस के अवसर पर मंचासीन सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबु प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री एस.के. गोमास्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण

दिनांक 01 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय, रांची में पहली बार 'एनसीडीसी स्थापना दिवस' धूम–धाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि नेशनल कोल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनसीडीसी) की स्थापना 01 अक्टूबर, 1956 को हुई थी। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसके अन्य अनुषंगी कंपनियों, एनसीडीसी के पूर्व अध्यक्षों, निदेशकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह में गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी ने कोल इंडिया को एक मजबूत आधार प्रदान किया है जिसके कारण कंपनी देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी आने वाले समय में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

समारोह में आमंत्रित कोल इंडिया लि. के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.पी. नारायणन, श्री पी. के. सेनगुप्ता, श्री एन. सी. झा, श्री ए. के. झा, पूर्व सीएमडी, ईसीएल श्री एस. एन. सिंह, पूर्व सीएमडी, डब्लूसीएल श्री आर. डी. राय, पूर्व सीएमडी सीसीएल/सीएमपीडीआईएल श्री एस. के. वर्मा, पूर्व सीएमडी सीसीएल श्री बी. अकला, पूर्व सीएमडी सीसीएल श्री आर.पी. रिटोलिया, कोल इंडिया लि. के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सीएमडी, सीसीएल/बीसीसीएल श्री गोपाल सिंह तथा एनसीडीसी के समय कार्यरत पूर्व कार्मिकों ने उपस्थित होकर इस समारोह की गरीमा बढ़ाई और एनसीडीसी से लेकर सीसीएल के अभी तक के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में अपने–अपने अनुभवों को साझा किया। जेसीएससी के वरीय सदस्य एवं एनसीडीसी के पूर्व कर्मी श्री रमेन्द्र कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी ने सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद को इस आयोजन के लिए बधाई दिया और सीसीएल द्वारा उनको दिए गए विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद भी दिया। अवसर विशेष पर डॉ. एम.पी. नारायणन द्वारा श्री के.एस.आर. चारी मेमोरियल लेक्चर प्रस्तुत किया गया। श्री के.एस.आर. चारी एनसीडीसी के एक प्रसिद्ध माइनिंग इंजीनियर थे और बाद में भारत सरकार के खनन सचिव भी बने।

सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद के साथ निदेशक तकनीकि (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकि (यो.एवं परि.) श्री एस. के. गोमास्ता, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा ने सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीडीसी के समय से ही सभी के सहयोग से हमने कोयला खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य अवश्य हासिल करेंगे।

कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए श्रीमती गार्गी मल्कानी और उनकी टीम द्वारा मनभावन कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा। साथ ही सीसीएल परिवार की ओर से भी श्री राजकुमार निषाद ने सेक्सोफोन पर रोचक धून बजाकर, सुश्री सपना एक्का एवं श्री निशांत रोहिला ने अपनी सुरीली आवाज में गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

धन्यवाद ज्ञापन निदेशक तकनीकि (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने किया जबकि मंच संचालन श्री प्रियरंजन, श्रीमती निशा एवं श्री अंकुर वर्मा ने किया।

# 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के नये बैच का शुभारंभ

## निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी



सीसीएल के लाल एवं लाडली के बच्चों के साथ बात करते हुए निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण

दिनांक 10 अक्टूबर को सीसीएल के सीएसआर द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के नये बैच की शुरूआत 40 छात्र–छात्राओं के साथ की गयी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सीसीएल के लाल एवं लाडली के नये बैच के बच्चों से मिले और उनसे सीधा संवाद किया।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र चयनित छात्रों को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने सपनों एवं लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें और किसी भी तरह के नकारात्मक विचारों को अपने मन में न रखें। इस दौरान श्री मिश्र ने प्रशिक्षण दे रहे शिक्षकों से बातचीत किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

श्री मिश्र ने इस दौरान 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल के लाडली' के क्लासरूम एवं होस्टल का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री पार्थो भट्टाचार्यजी, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बालकृष्ण लाडी एवं अन्य उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के बच्चों को आईआईटी की निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। सीसीएल के अधिकारीगण श्री जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, नमन श्रीवास्तव एवं ओम प्रकाश जो स्वंय आईआईटी के छात्र रहे हैं वे स्वतः सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली के प्रशिक्षक के रूप में योगदान दे रहे हैं।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान छात्र जो राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे हैं, उन्हें सीसीएल द्वारा डीएवी स्कूल गांधीनगर, रांची में दाखिला कर निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली के बच्चों का चयन 10वीं कक्षा के बाद किया जाता है। इस संस्थान के सैकड़ों बच्चों ने इस योजना का लाभ उठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला प्राप्त करने में कामयाबी हासिल कर चुके हैं।

# सीसीएल में दो दिवसीय 'एमडीओ कॉन्ट्रैक्ट्स 2022' कार्यशाला का आयोजन



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के 'कन्वेंशन सेंटर' में 'एमडीओ अनुबंधों के अवसर और चुनौतियाँ – आगे बढ़ने का रास्ता' विषय पर आधारित दो दिवसीय (14 एवं 15 अक्टूबर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीसीएल और सीएमपीडीआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने वर्चुअल मोड से किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया, श्री बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल, श्री एस.के. सिन्हा, पूर्व निदेशक, सीएमपीडीआई श्री ए.के. राना, परियोजना सलाहाकार, कोयला मंत्रालय, श्री आनंदजी प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कार्मिक उपस्थित थे।

दो दिवसीय कार्यशाला में कोल इंडिया एवं इसकी अनुषंगी कंपनी सहित अन्य उद्योगों के लगभग 100 प्रतिनिधि एमडीओ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श के साथ–साथ अपने–अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए जो कि




कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल कार्यशाला को वर्चुअल मोड से संबोधित करते हुए




सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

एमडीओ कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए काफी बहुमूल्य साबित होंगे।

कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कार्यशाला के आयोजन के लिए सीसीएल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में भाग ले रहे विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को नये तकनीक एवं नवीनतम जानकारियों का लाभ होगा।

निदेशक (तकनीकी), सीआईएल श्री बी वीरा रेड्डी ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को एक साथ आने और विषय के विभिन्न पहलुओं पर विचार–मंथन करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद ने विभिन्न संस्थानों से आये प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये कहा कि कंपनी का उद्देश्य देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करना है। उन्होंने कार्याशाला का विषय 'एमडीओ अनुबंधों के अवसर और चुनौतियाँ – आगे बढ़ने का रास्ता' पर चर्चा करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से एमडीओ कॉन्ट्रैक्ट्स के तहत सुचारू रूप से खनन कार्य में आने वाले अड़चनों को दूर करने में मदद मिलेगी तथा भविष्य में इसका बहुत लाभ मिलेगा।


निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री एस. के. गोमास्ता, परियोजना सलाहकार, कोयला मंत्रालय श्री आनंदजी प्रसाद ने भी इस अवसर पर सभी को संबोधित किया और कहा कि एमडीओ के माध्यम से कार्यनिष्पादन और सुगम होगा।

ज्ञात हो कि एमडीओ मोड में, कांट्रैक्टर को इंवायरमेंट एवं फॉरेस्ट क्लियरेंस, आर एंड आर गतिविधियाँ, लागू परमिट, लाइसेंस आदि प्राप्त करने, विकासशील परियोजनाओं के लिए विस्तृत डिजाइनिंग, वित्तपोषण, खान निर्माण, खनन की खरीद एवं अन्य उपकरण प्राप्त करने से लेकर वार्षिक उत्पादन कार्यक्रम आदि के अनुसार कोयले की खनन जैसे अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

पूरे कोल इंडिया में एमडीओ मोड के अंतर्गत छह परियोजनाएं जिसकी कुल क्षमता 95 एमटी प्रति वर्ष कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य है, छह परियोजनाएं में से तीन परियोजनाएं (कोतरे बंसतपुर पचमो, पिपरवार भूमिगत फेज–1, चन्द्रगुप्त) सीसीएल में संचालित किया जायेगा।

धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री आर. आर. श्रीवास्तव ने किया।

# श्री बी. साईराम सीसीएल के नये निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना)



सीसीएल के नये निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम

दिनांक 26 अक्टूबर को श्री बी. साईराम ने सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नए निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम का स्वागत किया। इस अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

श्री प्रसाद ने कहा कि श्री साईराम के पास कोयला क्षेत्र में लगभग 31 वर्षों का व्यापक अनुभव प्राप्त है और उनकी कार्यकुशलता से सीसीएल परिवार को निश्चय ही लाभ मिलेगा और कंपनी का निरंतर विकास होगा।

श्री साईराम अपना योगदान देने के बाद सीसीएल मुख्यालय, रांची में अधिकारियों और कर्मियों से भी मिलें।

श्री साईराम खदान संचालन, योजना, लॉजिस्टिक्स और नियामक पहलुओं में कार्यनिष्पादन कर चुके हैं। उन्होंने एनआईटी रायपुर से स्नातक खनन इंजीनियर की डिग्री प्राप्त की है। एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस दिल्ली से ऊर्जा प्रबंधन में 15 महीने का पूर्णकालिक आवासीय पीजीडीएम किया। साथ ही उन्होंने नानयांग बिजनेस स्कूल सिंगापुर से 15 दिनों के इमर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। वे उस टीम का हिस्सा थे जिसने उन देशों के जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन प्रयासों का अध्ययन करने के लिए जर्मनी और पोलैंड की यात्रा की थी। श्री साईराम के पास कर्मियों के कल्याण एवं विधि विभागों का नेतृत्व करने का भी अनुभव रहा है। इससे पूर्व वे कोल इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक के रूप में योगदान दे चुके हैं।

# सीसीएल मुख्यालय में सीएमपीएफ कार्यालय (रिजन 1 एवं 2) का उद्घाटन

## सचिव (कोयला), भारत सरकार एवं चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, डॉ. अनिल कुमार जैन ने वर्चुअल रूप से किया




सीएमपीएफ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल मोड में उपस्थित सचिव (कोयला), भारत सरकार एवं चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी डॉ. अनिल कुमार जैन, निदेशक (का.), कोल इंडिया लि. श्री विनय रंजन एवं कमिशनर (सीएमपीएफ) श्रीमती संतोष

दिनांक 28 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में सीएमपीएफ कार्यालय, क्षेत्र 1 एवं 2 का उद्घाटन सचिव (कोयला), भारत सरकार एवं चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, डॉ. अनिल कुमार जैन ने वर्चुअल रूप से किया। कार्यक्रम में कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) एवं सदस्य, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, श्री विनय रंजन, कमिशनर (सीएमपीएफ), श्रीमती संतोष वर्चुअल मोड में कार्यक्रम से जुडे रहे। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, कमिशनर (सीएमपीएफ), श्री वी.के. मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, सीवीओ, सीसीएल, श्री एस.के. सिन्हा, जेबीसीसीआई के माननीय सदस्य एवं सदस्य, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, श्री रमेन्द्र कुमार सहित श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सचिव (कोयला) डॉ. अनिल कुमार जैन ने कहा कि सीएमपीएफ कार्यालय का सीसीएल मुख्यालय, रांची में स्थानांतरण से विशेषकर सीसीएल कर्मियों को बहुत सुविधा होगी। हम सभी का उद्देश्य है – सामाजिक सुरक्षा, जिसके अंतर्गत कर्मियों का सीएमपीएफ/पेंशन का भुगतान समय पर हो, किसी भी समस्या का निवारण त्वरित रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि आईटी के क्षेत्र में नये–नये खोज हो रहे हैं और कार्य को सुलभ बनाने के लिए नये–नये तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया एवं सदस्य, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, श्री विनय रंजन ने सीएमपीएफ के नये भवन के उद्घाटन पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों के ग्रिवांसेस को तत्काल दूर करने का हर सभंव प्रयास किया जायेगा।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुये कोल इंडिया एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एवं सीएमपीएफ ट्रस्टी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से ही सीएमपीएफ कार्यालय का स्थानांतरण दरभंगा हाउस, सीसीएल में हुआ है। इस भवन को अत्याधुनिक बनाया गया है।

कमिशनर (सीएमपीएफ), श्री वी.के. मिश्रा ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, सीएमपीएफ के सभी ट्रस्टी सदस्यों एवं सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सीएमपीएफ का दैनिक कार्यालयीन कार्य जल्द ही यहाँ शुरू की जायेगी। सीसीएल प्रबंधन का सहयोग सराहनीय रहा है।

अवसर विशेष पर माननीय जेबीसीसीआई के सदस्य एवं सदस्य, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, श्री रमेन्द्र कुमार, कमिशनर (सीएमपीएफ) श्रीमती संतोष, ने भी संबोधित किया और सभी को बधाई देते हुये कहा कि सीएमपीएफ कार्यालय के स्थानांतरण से सीएमपीएफ एवं सीसीएल में और बेहतर संबंध होंगे और कर्मियों के लिए सुविधा होगी।




सीएमपीएफ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में उपस्थित सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदे. (तक/संचा) श्री आर.बी. प्रसाद, निदे. (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य गणमान्य अतिथि

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीएमपीएफ का कार्यालय दरभंगा हाउस, परिसर में होने से विशेषकर सेवानिवृत कर्मियों को लाभ होगा और संबंधित कोई भी समस्या का निपटारा सुगमतापूर्वक होगा।

श्री मिश्र ने सभी गणमान्य अतिथियों का इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सीएमडी, सीसीएल मुख्यालय परिसर का निरीक्षण किया

## स्क्रैप को हटाकर सीसीएल ने 4,04,17000 रूपये की राजस्व प्राप्त की

दिनांक 28 अक्टूबर को सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने सीसीएल मुख्यालय परिसर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम, महाप्रबंधक (सीसीएमसी), श्री एन.पी. सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण करते सीएमडी, सीसीएल तथा अन्य

स्वच्छता अभियान में सीसीएल मुख्यालय में विशेष अभियान चलाते हुये कार्यालय तथा उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई के साथ–साथ स्क्रैप को हटाया गया है। सीसीएल कर्मी इसमें बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान 2.00 के तहत सीसीएल ने विभिन्न क्षेत्रों में 20 स्थानों का चयन किया था जहाँ से लौह कचरा, बेकार टायर एवं बेकार ड्रम इत्यादि को हटाकर उन स्थानों को सुंदर और सकारात्मक उपयोग करने की योजना बनाई गई। इन सभी चयनित स्थानों की सफाई हो चुकी है।

इस पूरे अभियान में सीसीएल को 4,04,17000/– रूपये की राजस्व की प्राप्ति हुई है। 648 मैट्रिक टन लौह कचरा हटाया जा चुका है एवं 133497 वर्गफीट स्थान खाली हो चुका है जिसमे सीसीएल के द्वारा पर्यावरण–पार्क, पार्किंग स्थान, उद्यान इत्यादि विकसित किया जाएगा।

इनके अतिरिक्त विभिन्न कार्यालयों में बिखरे पुराने संचिकाओं को कई स्थानों पर व्यवस्थित ढंग से सजाकर रखा गया है और अन्य स्थानो पर यह प्रक्रिया जारी है।

ई–कचरा की सफाई कार्यक्रम के तहत सेवा से बाहर हुए ई–उपकरण जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर इत्यादि को कोलियरी के आसपास के गांवों में वितरित कर शिक्षा के प्रसार में योगदान दिया जाएगा।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

## सरदार पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने एकता और सुरक्षा की शपथ ली



सतर्कता जागरूकता का शपथ लेते सीसीएल के कार्मिकगण

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और निदेशकगण सहित सीसीएल के सभी कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा की शपथ लिया। सीसीएल सहित पुरे देश में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र द्वारा उपस्थित सभी कर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम ने उपस्थित सभी को 'नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा शपथ' दिलाया ।

ज्ञात हो कि सीसीएल में 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर, 2022 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022' मुख्यालय, रांची के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस परिसर में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए और लोगों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किये गये। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आर बी प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम तथा सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियो ने भाग लिया।

सीसीएल के निदेशकगण द्वारा ई–प्लेज बुथ का उद्घाटन किया गया जिसमें कर्मियों ने ऑन लाईन सत्यनिष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर 'सतर्कता जागरूकता रथ' को हरि झंडी दिखाकर आमजन के बीच रवाना किया गया।

सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने इस वर्ष की थीम "भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत" के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि कंपनी के नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सीसीएल में सतर्कता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और सतर्कता संदेश को कर्मियों के साथ–साथ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पब्लिक इंटरेस्ट डिस्क्लोजर एंड प्रोटेक्शन ऑफ इनफार्म रिसोल्युशन (पीआईडीपीआई) के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि पीआईडीपीआई के अंतर्गत शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष (सतर्कता) श्री एस जी चौधरी, मुख्य सतर्कता अधिकारी के तकनीकी सचिव श्री शषांक शरण एवं उनकी टीम के सक्रिय सहयोग से किया गया।

**यदि देश को आगे बढ़ाना हैं,**
**तो भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना है.**

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

40 students of new batch of #CclKeLaalLaadli inducted.

Dir(Pers) Sri H.N.Mishra graced the occasion.He interacted with the students and motivated them.He inspected the classrooms, library, hostels etc. He also interacted with the #IITian faculties and CSR team #CclCsrInitiative



Pralhad Joshi and 4 others

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

From garbage to garden..

As a part of the celebration of #SpecialCampaign2.0 under #SwachhBharatAbhiyan, a garden was developed by #TeamCCL at a guest house in the B&K area from scrap,disposed items, tyres, pipes etc The unique initiative is a step towards waste management.




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Workshop on "MDO Contracts-2022" inaugurated at CCL.
Sri Pramod Agrawal, Chairman CIL inaugurated the two-day workshop virtually. Sri B.Veera Reddy Dir (Tech), CIL addressed the gathering virtually. Sri P.M.Prasad, CMD CCL and Sri Manoj Kumar CMD, CMPDIL also graced the occasion



Pralhad Joshi and 6 others

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

स्क्रैप को हटाकर स्वच्छता की पहल..
#TeamCCL ने #specialcampaign2.0 के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत कथारा में 6800वर्ग मीटर से अधिक के क्षेत्र से 740 टायर एवं 300 बैटरी के साथ 750 टन स्क्रैप को साफ किया गया| इसकी बिक्री से कंपनी को 5 करोड़ रूपये का लाभ हुआ।
#SwachhBharat

Translate Tweet




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)